# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

20 सितंबर 2024, शुक्रवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह द्वारा झारखंड के साहिबगंज एवं गिरिडीह में आयोजित विशाल परिवर्तन सभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**झारखंड में दो तिहाई बहुमत से कमल फूल की सरकार बनने जा रही है**

******************

**मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ही झारखंड को घुसपैठियों से बचा सकती है**

******************

**झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर एक-एक घुसपैठिये को चुन-चुन कर बाहर निकाला जायेगा**

******************

**हेमंत सोरेन सरकार जन कल्याण की जगह घुसपैठिया कल्याण की नीति पर चलती है**

******************

**हेमंत सोरेन की सरकार में "हिंदुओं और आदिवासियों, झारखंड छोड़ो" के नारे लगते हैं**

******************

**जेएमएम, कांग्रेस व राजद – इन तीनों के वोट बैंक घुसपैठिए हैं**

******************

**हेमंत सोरेन सरकार में संथाल परगना में आदिवासियों की संख्या पहले 44% थी जो घट कर 28% हो गई है**

******************

**झारखंड में यदि इसी तरह से घुसपैठ होती रही, तो आने वाले 25-30 सालों में घुसपैठिए बहुसंख्यक हो जाएँगे**

******************

**हेमंत सोरेन सरकार में आदिवासी बेटियों का बलात्कार हो रहा है, पुलिस कस्टडी में आदिवासी युवाओं की मौत हो रही है लेकिन वोट बैंक के डर से हेमंत सोरेन कुछ नहीं बोलते**

******************

**हेमंत सोरेन सरकार आदिवासी, गरीब व दलित विरोधी और वादाखिलाफी करने वाली सरकार है**

******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को झारखंड के साहिबगंज एवं गिरिडीह में आयोजित विशाल परिवर्तन सभाओं को संबोधित किया और प्रदेश की जनता से अत्याचारी और भ्रष्टाचारी इंडी गठबंधन की झामुमो सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का आह्वान करते हुए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन वाली एनडीए सरकार बनाने का आह्वान किया। साहिबगंज की सभा में असम के मुख्यमंत्री श्री हेमंत बिस्व शर्मा, भाजपा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री बाबू लाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री चंपई सोरेन, श्री दीपक प्रकाश, श्री अनंत कुमार ओझा, श्री लोबिन हेम्ब्रम सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे जबकि गिरिडीह की सभा में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, श्री केदार हाजरा, श्री रविंद्र राय सहित पार्टी के कई नेता उपस्थित थे। इससे पहले झारखंड पहुँचने पर श्री शाह सबसे पहले भोगनाडीह अवस्थित सिद्धो-कान्हो की जन्मस्थली गए और उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। गिरिडीह में

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि **बाबाधाम को प्रमुख पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित करेंगे। श्री शाह ने आज साहिबगंज और गिरिडीह से परिवर्तन यात्राओं का शुभारंभ किया।**

श्री शाह ने कहा कि **संथाल की धरती से झारखंड में "परिवर्तन रैली" का शुभारंभ हो रहा है।** सवाल उठता है कि क्या परिवर्तन करना है? भ्रष्टाचारी सरकार को हटाकर भ्रष्टाचार रोकने वाली सरकार लाकर परिवर्तन करना है। **आदिवासियों की भूमि, आदिवासियों की बच्चियों एवं आदिवासी संस्कार को घुसपैठियों के हाथ तबाह करने वाली सरकार को हटाकर, घुसपैटियों को चुन-चुनकर देश से बाहर निकालने वाली सरकार को लाना है।** किसानों की आय बढ़ाने वाली माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सरकार को समर्थन करने वाली सरकार को लाना है। मेरे आदिवासी युवा भाई-बहन देशभर में रोजगार के लिए जाते हैं। इसकी बदले संस्थाल परगना में रोजगार लाने वाली सरकार को लाना है। **भारतीय जनता पार्टी सिर्फ मुख्यमंत्री बदलना नहीं चाहती है बल्कि झारखंड को बदलना चाहती है। इस बार झारखंड में दो तिहाई की बहुमत से कमल फूल की सरकार बनने जा रही है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने झारखंड राज्य बनाया था लेकिन **झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सोरेन की सरकार ने जन कल्याण के बदले घुसपैठिया कल्याण अपनाया है।** आज पाकुड़ जिले में **"हिंदुओं और आदिवासी, झारखंड छोड़ो"** के नारे लगते हैं। **क्या यह धरती हमारे आदिवासी भाई-बहनों की है या रोहिंग्या-बंगलादेशी घुसपैठियों की है?** यह भूमि आदिवासियों की है, इसे बचाना है। **क्या मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस भूमि को बचा सकते हैं? क्या कांग्रेस पार्टी आदिवासियों की यह भूमि बचा सकती है? ये लोग नहीं बचा सकते हैं। झारखंड में जिस प्रकार से घुसपैठ हो रही है, उससे आने वाले समय में घुसपैठिए बहुमत में आ जाएंगे।** ये लोग हमारी बेटियों से अलग-अलग ढंग से शादी रचा रहे हैं और हमारे रोजगार भी ले रहे हैं। इस भूमि को केवल और केवल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा बचा सकती है।

श्री शाह ने कहा कि **लालू यादव की पार्टी राजद, जेएमएम और कांग्रेस पार्टी, इन तीनो पार्टियों के वोट बैंक घुसपैठिए हैं।** झारखंड हाई कोर्ट ने आदेश दिया है कि भारत सरकार और झारखंड सरकार के गृह मंत्रलायों की एक कमिटी बनाओ। श्री शाह ने झारखंड की जनता से अपील करते हुए कहा **कि झारखंड में सरकार बदल दो, भाजपा की सरकार एक-एक घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकाल देगी। झारखंड में आदिवासियों के बदले घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है, इसे रोकना बहुत जरूरी है। केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी ही घुसपैठियों को रोक सकती है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने हेमंत सोरेन से सवाल पूछते हुए कहा कि **हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी देंगे। क्या हेमंत सोरने ने झारखंड के युवाओं को प्रति वर्ष 5 लाख नौकरियां दी है?** नहीं मिला है। नौकरी के बदले युवाओं को तब तक दौड़ाया है जब तक वे मर नहीं जाए। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक के बाद एक परीक्षा के पेपर लीक हुए। एकेडमिक काउंसिल के परीक्षा का पेपर लीक हुआ। जूनियर इंजीनियर के बहाली परीक्षा का पेपर लीक हुआ। लैब अस्सिटेंट के बहाली परीक्षा का पेपर लीक हुआ। स्नातक स्तर के नौकरी की परीक्षा का पेपर लीक हुआ। जेपीएससी के परीक्षा का भी पेपर लीक हुआ। **ये लोग (हेमंत सरकार) पैसा लेकर पेपर बांटते हैं और गरीब युवाओं को नौकरी नहीं मिलती है। भारतीय जनता पार्टी का वादा है कि परीक्षा के पेपर लीक करने वालों को सजा दिलाएगी।**

श्री शाह ने कहा कि **हेमंत सोरेने ने वादा किया था कि विधवा बहनों को 2500 रुपए देंगे। क्या हेमंत सोरेन की सरकार ने दिया?** हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देंगे। **झारखंड के युवाओं से पूछते हैं कि उन्हें बेरोजगारी भत्ता मिला, क्या?** हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि राज्य के किसी भी गरीब को 72 हजार रुपए सालाना देंगे। **प्रदेश के गरीबों को 72 हजार रुपए मिला, क्या? हेमंत सोरेन नवविवाहित बहनों को सोने का सिक्का देने का वादा किया था, क्या नवविवाहित बहनों को सोने का सिक्का मिला, क्या?** जेएमएम और कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड को भ्रष्टाचार के सिवाए और कुछ नहीं दिया। **हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड को केवल और केवल भ्रष्टाचार दिया।** हेमंत सोरेन ने मूल निवासियों की समस्या को दूर

करने का वादा किया था किंतु एक भी समस्या हल नहीं हुई। **हेमंत सोरेन सरकार आदिवासी विरोधी, गरीब विरोधी, दलित विरोधी, ओबीसी विरोधी और वादा खिलाफी करने वाली सरकार है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **देश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी सरकार कहीं है, तो वह झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार है।** यहां सभा में आए हजारो हजार लोगों ने एक साथ 350 करोड़ रुपए देखा है क्या? नहीं देखा है। **कांग्रेस नेता धीरज साहू के घर से 350 करोड़ रुपए मिला था। हेमंत सोरेन बताएं कि यह 350 करोड़ रुपए किसका है?** क्या यह रुपए धीरज साहू का है? **यह 350 करोड़ रुपए संथाल के गरीब आदिवासी भाई-बहनों का है, जिसे ये लोग ऐंठ का लेकर गए हैं। कांग्रेस नेता और हेमंत सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के घर से 35 करोड़ रुपए नगदी मिली थी।** छापा मारने के बाद एसबीआई के अधिकारियों ने इंटरव्यू दिया कि इतने पैसे गिनते गिनते हमारी मशीन गरम हो जाती थी। हम झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के भ्रष्टाचार की इस गंगा को इनके समुद्र तक पहुंचने नहीं देंगे। कमल फूल की सरकार बनने पर भ्रष्टाचारियों को उलटा लटका कर सीधा किया जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि **हेमंत सोरेन सकार ने झारखंड में एक हजार करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला किया। 600 करोड़ रुपए का जमीन घोटाला किया। एक हजार करोड़ रुपए का खनन घोटाला किया। सेना की जमीन पर भी कब्जा किया। 40 करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया।** घोटाला करने वाली हेमंत सरकार आदिवासी भाई-बहनों का भला कर सकती है क्या? नहीं कर सकती है। आदिवासी भाई-बहनों का भला करने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। **पहली बार संथाल आदिवासी की गरीब बेटी महामहिम द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनकर आज राष्ट्रपति भवन में बैठी हैं। यह काम माननीय प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने झारखंड से नक्सलवाद को समाप्त कर विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है।** प्रधानमंत्री जी ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातिय गौरव दिवस के रूप में मनाना शुरू किया। मनानीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 200 करोड़ रुपए की लागत से दस आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों का संग्रहालय बनवाया। जेएमएम और कांग्रेस पार्टी आदिवासी कल्याण की केवल बातें करती हैं किन्तु यह नहीं बता सकती कि उनके सरकार में आदिवासी कल्याण के लिए कितना बजट था? **वर्ष 2013-14 में कांग्रेस और जेएमएम की यूपीए सरकार में आदिवासी कल्याण के लिए 30 हजार करोड़ रुपए बजट आवंटन किया था। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने वर्ष 2024-25 में आदिवासी कल्याण के लिए 1.30 लाख करोड़ दिए हैं।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने झारखंड को डिस्टीक मिनरल फंड का पैसा दिया। प्रधानमंत्री जन जाति उन्नत ग्राम अभियान अर्थात पीएम जनमन योजना के तहत 50 हजार करोड़ रुपए से 63,000 गांवों को विकसित किया जाएगा। कांग्रेस की यूपीए सरकार के 10 वर्षों में झारखंड को विकास के लिए केवल 84 हजार करोड़ रुपये दिए गए जबकि मोदी सरकार के 10 वर्षों में झारखंड को 3.81 लाख करोड़ रुपये दिए गए।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानपमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दिल में झारखंड और यहाँ के आदिवासी भाइयों के लिए विशेष लगाव है। हाल ही में वे जब जमशेदपुर आने वाले थे, तब जोरदार बारिश शुरू हो गयी, तब सब लोग समझ रहे थे कि प्रधानमंत्री जी झारखंड नहीं आएंगे। लेकिन, आदरणीय प्रधानपमंत्री जी ने तेज बरसती बारिश में भी 120 किलोमीटर रोड से सफर करके आये, यहाँ के लोगों से मिले और उन्हें संबोधित किया। आजादी के बाद किसी प्रधानमंत्री ने इतना लंबी सड़क यात्रा करके लोगों से मिले हों, ऐसा उदाहरण नहीं मिलता।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि झारखंड विधान सभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र तो आएगा ही, मैं उससे पहले ही घोषणा करता हूं कि **75 साल से अधिक आयु वाले सभी लोगों को हरेक साल दस लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएंगे।** किसान के धानों की एमएसपी पर खरीदी **आज झारखंड के गांवों में सड़क नहीं है, सड़क है तो एम्बुलेंस नहीं है, एम्बुलेंस है तो अस्पताल नहीं है, अस्पताल है तो डॉक्टर नहीं है।** झारखंड की जनता से अपील करता हूं कि **पांच साल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी पर भरोस करो और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाओ। झारखंड में सड़क, एम्बुलेंस, अस्पताल और डॉक्टर हर तहसील में होगा और गांव को सड़क से जोड़ा जाएगा।**

श्री शाह ने कहा कि **संथाल परगना में पहले आदिवासियों की संख्या 44 प्रतिशत थी लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार में आदिवासी घट कर 28 प्रतिशत हो गए हैं। हेमंत सोरेन-कांग्रेस सरकार में 37 आदिवासी बहनों का बलात्कार हुआ। 30 आदिवासियों की पुलिस कस्टडी में मौत हुई। साहिबगंज की आदिवासी बेटी दीपिका की हत्या हुई। दुमका की बेटी अंकिता की हत्या हुई। हेमंत सोरेन और कांग्रेस इस पर कुछ नहीं बोलते क्योंकि हेमंत सोरेने और कांग्रेस की वोट बैंक घुसपैठिए हैं।** श्री शाह ने प्रदेश की जनता से अपील की कि झारखंड में कमल फूल की सरकार बनाओ, भाजपा की सरकार घुसपैठियों को उलटा लटका कर सीधा कर देगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ओबीसी विरोधी रही है। कांग्रेस पार्टी ने 50 सालों तक काका साहेब कालेकर की रिपोर्ट को दबा कर रखा। फिर मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू नहीं किया। राजीव गांधी ने मंडल कमीशन की रिपोर्ट का विरोध किया था। कांग्रेसी नेताओं ने 70 सालों तक ओबीसी कमीश को संवैधानिक मान्यता नहीं दी। ये आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन्होंने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक मान्यता दी। 16 जातियों को पिछड़ा जातियों में जोड़ा। एमबीबीएस, एमडी की दाखिलों में भी ओबीसी आरक्षण की व्यवस्था की। मोदी सरकार ने नीट की परीक्षा में ओबीसी के लिए 27% तथा नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल समेत सभी जगहों पर पिछड़ों के लिए 27% आरक्षण को लागू किया। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने दलितों का भी सदैव अपमान किया, बाबा साहेब का भी अपमान किया जबकि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बाबा साहेब से जुड़े पंचतीर्थों का विकास किया।

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने झारखंड से देश की सबसे बड़ी योजना को शुरू की। प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत योजना को झारखंड से लांच की। मुद्रा योजना झारखंड से लांच की गयी। पीएम जनमन योजना झारखंड से लांच की गयी। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को देशभर में आदिवासी गौरव दिवस के रूप घोषित किया। एक ओर भ्रष्टाचार कर के अपने परिवार का कल्याण करने वाले जेएमएम और कांग्रेस पार्टी की इंडी एलायंस है। दूसरी ओर, आदिवासियों के कल्याण करने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी है। एक ओर, घुसपैठियों के साथ मिलकर चुनाव जीतने का षडयंत्र करने वाले हेमंत सोरेन हैं। दूसरी ओर, आदिवासी की रक्षा के लिए घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर निकालने वाली भारतीय जनता पार्टी है।** अब झारखंड की जनता को तय करना है कि संथाल भाजपा की सरकार लाए और संथाल का विकास करे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा झारखंड को विकसित प्रदेश बनाने आयी है। घुसपैठियों को निकालने आयी है। माता-बहनों का कल्याण करने आयी है। युवाओं को रोजगार देने आयी है। झारखंड में करोबार और उद्योग बढ़ाने आयी है। इस यात्रा को सफल बनाइए और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाइये।

***************************